हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 आदेश के बाद पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से...



08 बिना काम किए निकलती रही आउटसोर्स कर्मचारियों...



## खबर संक्षेप



### वैष्णव वैश्य समाज का अन्नकूट, भगवान को लगाया छप्पन भोग

**नलखेड़ा।** स्थानीय वैष्णव वैश्य समाज का अन्नकूट चौथमल मंदिर में आयोजित हुआ। भगवान को छप्पन भोग लगाया गया व महिलाओं द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। शुक्रवार को स्थानीय चौथमल मंदिर में वैष्णव वैश्य समाज का अन्नकूट हुआ। दोपहर 12 बजे ठाकुर जी को छप्पन भोग लगाया गया। इसके पश्च्यात महाआरती का आयोजन हुआ। इसके पूर्व महिला मंडल द्वारा ढोलक व मजीरों की थाप पर भजनों की प्रस्तुति दी गई। महाआरती के बाद समाजजनों द्वारा प्रसादी ग्रहण की गई।

### नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष का किया स्वागत



**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा का स्थानीय भाजपा नेताओं ने भोपाल पहुंचकर स्वागत किया। शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा भाजपा जिला मंत्री व मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी व पार्षद गोवर्धन वेदिया द्वारा भोपाल पहुंचकर नवनियुक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा का स्वागत कर माता रानी की चुनर भेंट की गई। इस अवसर पर शर्मा को नलखेड़ा आने का निमंत्रण भी दिया गया जिस पर उन्होंने शीघ्र ही नलखेड़ा आकर माता रानी के दरबार मे शीश नवाने की बात कही गई।

### 5 रुपये में नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है।

# मासूम दीक्षा की मौत के मामले की प्रारंभिक जांच में खुलासा दीक्षा को था मस्तिष्क बुखार, किया गया गलत उपचार !

### अवैध मुस्कान क्लीनिक की बड़ी लापरवाही आई सामने

**सीहोर।** पीपलिया निवासी दो वर्षीय मासूम दीक्षा कुशवाहा की कथित तौर पर अवैध मुस्कान अस्पताल में गलत इलाज के कारण हुई मौत के मामले में प्रारंभिक जांच में घोर लापरवाही उजागर हुई है। डॉ. नवीन मैहर की अध्यक्षीय डॉक्टरों की जांच टीम ने संकेत दिए हैं कि बच्ची को मस्तिष्क का बुखार था, जिसे क्लीनिक का संचालक समझने में विफल रहा और गलत इलाज कर दिया, जिससे उसकी जान चली गई।

पीड़ित परिवार के अनुसार 2 अक्टूबर को दीक्षा को खांसी और बुखार के इलाज के लिए मुस्कान क्लीनिक के कथित डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा एक इंजेक्शन लगाए जाने के तुरंत बाद ही बच्ची की तबीयत बिगड़ गई और वह कोमा में चली गई और पांच दिन संघर्ष के बाद उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों ने कोतवाली थाने में भी शिकायत दर्ज कराई थी।

### 10 महीने तक चलता रहा 'मौत का क्लीनिक'

इधर इस मामले में जितनी लापरवाही मुस्कान क्लीनिक संचालक की सामने आ रही है, उतना ही जिम्मेदार जिला स्वास्थ्य विभाग भी है। दरअसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय ने 10 महीने पहले निरीक्षण में कमी पाए जाने के बाद 24 दिसंबर 2024 को ही मुस्कान अस्पताल को बंद करने का आदेश दिया था। इसके बावजूद संचालक अशोक विश्वकर्मा पिछले 10 महीने से यह अस्पताल अवैध रूप से चला रहा था। हैरानी की बात यह है कि सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया और उनका स्टाफ इस बात से अंजान रहा कि उनके दफ्तर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर यह खतरनाक क्लीनिक धड़ल्ले से चल रहा था।




### जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम

इधर घटना के बाद सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया द्वारा आनन फानन में गठित की गई पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति की है। इस टीम की अध्यक्षता डॉ. नवीन मेहर कर रहे हैं। डॉ. नवीन मैहर के अनुसार प्रारंभिक पड़ताल में यह खुलासा हुआ है कि परिजन 2 अक्टूबर को बच्ची को को बरखेड़ी गांव स्थित मुस्कान क्लीनिक लाए थे। क्लीनिक संचालक अशोक विश्वकर्मा बच्ची की वास्तविक बीमारी संभवतः मस्तिष्क का बुखार को नहीं समझ सका। परिजनों के अस्पताल पहुंचते ही उसे कथित तौर पर एक इंजेक्शन लगाया गया और करीब 633 रुपये का बिल बनाया गया था। इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद बच्ची की हालत बिगड़ गई वह कोमा में चली गई जिसकी बाद में भोपाल के अस्पताल में मौत हो गई।

### लापरवाही के आरोप में एफआईआर

मासूम की मौत के बाद पुलिस ने क्लीनिक संचालक अशोक विश्वकर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हालांकि यह कार्रवाई बच्ची की मौत में लापरवाही के आरोप में नहीं बल्कि केवल स्वास्थ्य विभाग के नियमों का उल्लंघन करने के लिए की गई है।

### जांच रिपोर्ट पर निर्भर है आगे की कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बच्ची की मौत के मामले में संबंधित धाराएं तभी जोड़ी जाएंगी, जब पांच सदस्यीय जांच टीम की अंतिम रिपोर्ट यह पुष्टि कर देगी कि दीक्षा की मृत्यु अवैध रूप से संचालित अस्पताल की लापरवाही या गलत इलाज के कारण हुई है। फिलहाल कथित डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा क्लीनिक बंद कर फरार है और दीक्षा के परिजनों को न्याय का इंतजार है।

## पार्षदों ने सीवेज के बहाने गुजारे 3 साल, अब सिर्फ एक साल शेष, चौथे में तो शुरू हो जाएगा चुनावी घमासान

# पार्षदों की नेतृत्व क्षमता पर उठ रहे सवाल, वार्डों में नहीं हो रहा सड़कों का निर्माण, जनता में रोष

वार्डों में सड़कों को निर्माण नहीं होने के कारण व सीवेज की खुदाई के बाद हुए गड्ढों के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका परिषद के 3 साल भले ही निर्विघ्न संपन्न हो गए हो, लेकिन इस परिषद के कार्यकाल ने पार्षदों की नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कार्यकाल के तीन साल बीत चुके हैं और वार्डों की सडक़ों की हालत जर्जर है, लेकिन पार्षदों के पास एक ही जवाब है। सीवेज का काम पूरा हो जाए, फिर सडक़ बनेगी। 35 वार्डों वाली इस नगर पालिका में भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों की लंबी फौज है, लेकिन विकास के नाम पर जनता को सिर्फ वादे ही मिल रहे हैं। बता दें नगर पालिका चुनाव को तीन साल का समय हो चुका है। 17 जुलाई 2022 को परिणाम आए थे। परिषद के तीन वर्षीय कार्यकाल में वार्डों की इक्का-दुक्का सडक़ों को छोडक़र, ज्यादातर वार्डों में नई सडक़ें और नालियां नहीं बनी हैं, जो सडक़ें आज नजर आ रही हैं, वे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमिता जसपाल सिंह अरोरा अरोरा या फिर नरेश मेवाड़ा के कार्यकाल की हैं। वार्डों में सीवेज की खुदाई के बाद गड्ढे और धूल-धुएं ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है, लेकिन पार्षद सिर्फ सीवेज का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे हैं।



**सीहोर।** जर्जर सड़क पर धूल के गुबार लोगों के लिए परेशानी होती हैं।



**सीहोर।** रेल्वे स्टेशन रोड जो लंबे समय से जर्जर अवस्था में है।

### 10 महीने बाद शुरू हो जाएगा चुनावी घमासान

अब जबकि पार्षदों के पास विकास के लिए महज एक साल बचा है, चौथे साल में चुनावी सरगर्मियां शुरू हो जाएंगी। पार्षद बनने की चाह रखने वाले नए नेता भी सक्रिय हो जाएंगे, जिससे वार्डों में घमासान मचना तय है। वार्डवासियों का कहना है कि जब भी वे पार्षदों से काम के लिए कहते हैं तो उन्हें यही सुनने को मिलता है कि वार्ड में सडक़-नाली निर्माण, विकास काम कराऊंगा, तभी वोट मांगने आऊंगा। लेकिन इस कोरे आश्वासन की वजह से पार्षदों की नेतृत्व क्षमता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

**दिग्गज नेताओं की मौजूदगी भी बेअसर :** इस परिषद की एक ओर खास बात यह है कि इस परिषद में दिग्गज नेता शामिल हैं। वार्ड क्रमांक 05 से कांग्रेस के राजीव गुजराती पार्षद हैं, जो वर्तमान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भी हैं।

वार्ड क्रमांक 09 में बीजेपी से सीताराम यादव पार्षद हैं, जो राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भी हैं। इसी तरह वार्ड क्रमांक 15 से बीजेपी के विकास प्रिंस राठौर पार्षद हैं, जो पूर्व में बीजेपी के मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि वर्तमान में नगर पालिका अध्यक्ष भी हैं।

### हरिभूमि वार्ड स्कैन में भी खुलासा, विकास की जरुरत

'हरिभूमि वार्ड स्कैन' में भी यह बात सामने आई है कि वार्डवासी खुलकर बोल रहे हैं कि उनके वार्ड में कोई काम नहीं हुआ है। अब तक पांच वार्डों का स्कैन किया जा चुका है, जिसमें नागरिकों ने समस्याएं बताई हैं। वार्डों में सडक़ें जर्जर नजर आई तो सीवेज की खुदाई की वजह से सडक़ें बीच में या साइड से पूरी तरह खुदी है। जब सडक़ों को लेकर पार्षदों से बात की तो एक ही जवाब मिला, वर्क आर्डर हो चुका है। जल्द ही सडक़-नाली बनेंगी।

### सीहोर नगर पालिका के पार्षद

वार्ड क्रमांक 01 से सुनीता राय, वार्ड 02 विपिन सास्ता, 03 अरुण मालवीय, 04 से राजेश, 05 से राजीव गुजराती, 06 से विद्या प्रदीप बिजौरिया, 07 से हेमलता परमार, 08 पूर्णिमा कुशवाह, 09 से सीताराम यादव, 10 विवेक राठौर, 11 लोकेन्द्र वर्मा, 12 वर्षा, 13 सविता, 14 संतोष शाक्य, 15 से विकास राठौर (नगर पालिका अध्यक्ष), 16 कमलेश राठौर, 17 से मायादेवी कसोटिया, 18 से प्रदीप गौतम, 19 से नरेन्द्र राजपूत, 20 सपना मालवीय, 21 प्रभा कुशवाह, 22 से अनुषा राठौर, 23 मीना राठौर, 24 अजयपालसिंह राजपूत, 25 मुकेश मेवाड़ा, 26 से खुशबू कुरैशी, 27 से मुस्तुफा अंजुम, 28 से रामकली, 29 से रजनी, 30 वार्ड 30 से इशरद इरशाद पहलवान, 31 से इरफान खान, 32 से आजग बेग, 33 तनवीर अंसारी, 34 से हेमा सुदीप व्यास, 35 से चांदनी मालवीय शामिल हैं।

### शहर में बड़े काम हुए, वार्डों में कमी

यहां यह उल्लेखनीय है कि इस परिषद द्वारा शहर में बड़े काम कराए जा रहे हैं, इन कामों में शहर में पानी की टंकी, बस स्टैंड पर ऑडिटोरियम, शहर की सडक़ें चौड़ी हो रही हैं, सब्जी मंडी का निर्माण, भोपाल नाका पर कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया है। लेकिन विडम्बना यह है कि इस दौरान शहर के वार्डों में काम का अभाव है, जबकि पार्षदों को अपने ही वार्ड की जनता का सामना करना होगा है।

### पार्षदों का कहना

- वार्ड क्रमांक 21 से बीजेपी पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाह ने बताया कि 3 साल के कार्यकाल में उनके वार्ड में केवल 1 ही छोटी सड़क बनी है, बाकी काम नहीं हो सका है। वार्ड की जनता मेरे पास सडक नाली निर्माण की मांग लेकर आ रही है। वर्क ऑडर भी हुए हैं, लेकिन ठेकेदार काम करने को राजीव नहीं।
- वार्ड 12 के कांग्रेस पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव ने बताया कि उनके वार्ड में इन तीन सालों में 80 लाख रुपए के काम हुए हैं, जबकि नरेश मेवाड़ा जी के अध्यक्षीय कार्यकाल में 3 करोड़ रुपए के विकास काम हुए थे।

## कलेक्टर बोले: राजस्व और कृषि अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें

# निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री पर करें कड़ी कार्रवाई: कलेक्टर बालागुरु के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के समस्त राजस्व अधिकारी, कृषि एवं संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में कलेक्टर ने फसल क्षति पर राहत राशि का समय-सीमा में वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को शासन की मंशानुसार शीघ्र राहत मिले, इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

बैठक में कलेक्टर ने फसल कटाई प्रयोग, सोयाबीन फसल के उत्पादन पर सतत निगरानी रखने तथा भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन फसल का 'स्मार्ट सत्यापन' सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को फसल क्षति का लाभ दिया गया है, उनकी जानकारी को भावांतर योजना से समन्वित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक सटीक रूप से पहुँच सके। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना का सभी पात्र किसानों को लाभ मिले इसके लिये राजस्व एवं कृषि अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में किसी भी प्राइवेट लाइसेंसधारी द्वारा फर्टिलाइजर को अधिक दाम पर नहीं बेचा जाना चाहिए। यदि कोई व्यापारी निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कंट्रोल ऑर्डर के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा शासन की प्राथमिकता है, इसलिए उर्वरकों की उपलब्धता और गुणवत्ता दोनों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी।




कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और किसानों को समय पर लाभ मिलना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, डिप्टी कलेक्टर जमील खान, स्वाती मिश्रा उपथित थे। बैठक में सभी अनुभागों के राजस्व, कृषि एवं संबंधित अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

## साँई ने कुश्ती में अखिल भारतीय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर के सामाजिक कार्यकर्ता अनिल श्रीवास्तव के पुत्र साँई श्रीवास्तव ने विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर नलखेड़ा का नाम रोशन किया है। साँई की सफलता पर खेल प्रेमियों, गणमान्य नागरिकों व इष्टमित्रों ने उन्हें व उनके माता पिता को बधाई दी है। साँई श्रीवास्तव ने विद्या भारती द्वारा भोपाल में आयोजित 36वीं अखिल भारतीय प्रतियोगिता में अंडर 19 वर्ष के 86 किलो भार समूह में शुक्रवार को फ्री स्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतकर नगर का गौरव बढ़ाया है।

## खबर संक्षेप

### श्री शनि देव मंदिर में छप्पन भोग आज

**देवास।** नगर के मीरा बावड़ी स्थित श्री शनि देव सत्यनारायण मंदिर में आज शनिवार को छप्पन भोग लगाया जाएगा। मंदिर पुजारी अजय कुमार ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली महापर्व के पश्चात शनिवार को मंदिर प्रांगण में अन्नकूट महोत्सव 56 भोग सजाया जाएगा। श्री शनि देव एवं सत्यनारायण का राजसी श्रृंगार होकर रात्रि 8 बजे आरती होगी। इस उपलक्ष्य में इंदौर के सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं बांसुरी वादक सुनील शर्मा एवं उनके साथियों द्वारा सुमधुर भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही भोग का वितरण किया जाएगा।

### साहित्यकार सम्मेलन सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी कल

**देवास।** मध्यप्रदेश लेखक संघ देवास इकाई द्वारा मध्यप्रदेश लेखक संघ का 48 वां आंचलिक साहित्यकार सम्मेलन, सम्मान समारोह एवं काव्यगोष्ठी 26 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1 बजे से वरिष्ठ नागरिक संस्था के हॉल सयाजी द्वार देवास पर रखा गया है। जिसमें म.प्र.ले.स.भोपाल के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामवल्लभ आचार्य, प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी, उपाध्यक्ष ऋषि श्रृंगारी, प्रदेश मंत्री मनीष बादल एवं इंदौर इकाई के अध्यक्ष प्रभु त्रिवेदी उज्जैन, इकाई अध्यक्ष हरिमोहन बुधौलिया सहित मालवांचल की अनेकों काव्य हस्तियों का आगमन होगा। इस अवसर पर निवृत्तमान इकाई अध्यक्ष डॉ.मनोरमा जैन का सम्मान प्रदेश समिति द्वारा किया जायेगा। संस्था के संरक्षक शशिकांत यादव ने मां चामुंडा की नगरी देवास में सभी कलमकारों का स्वागत करते हुए स्थानीय कवियों व साहित्यकारों से इस अनूठे काव्यानुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अनुरोध किया।

### भगवान श्री सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव 28 को

**देवास।** जायसवाल समाज चेरिटेबल ट्रस्ट (सर्ववर्गीय कलाल समाज) द्वारा आराध्य देव भगवान श्री सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव 28 अक्टूबर को समाज की निर्माणाधीन धर्मशाला मक्सी उज्जैन बायपास पर सुबह 10 बजे मनाया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। जायसवाल समाज चेरिटेबल ट्रस्ट (सर्ववर्गीय कलाल समाज) के अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने सभी सर्ववर्गीय जायसवाल कलाल समाजजनों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी माणक जायसवाल ने दी।

### डेढ़ साल से दर-दर भटक रहे थे तीन परिवार के 25 सदस्य

# आदेश के बाद पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से सभी पीड़ितों को मिला न्याय

### मौलिक अधिकारों के हनन का मामला होने से उच्च न्यायालय द्वारा उक्त मामले में आदेश किया गया पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



लगभग एक वर्ष पूर्व प्रेम विवाह से नाराज़ होकर लड़की के पिता और उसके रिश्तेदारों ने सुरमल पिता बूट सिंह उनके भाई शिवनारायण और सेंदु खराड़े के परिवारों के समस्त सदस्यों को उनके घरों में रात्रि में घुसकर अत्यंत क्रूरता पूर्वक मारा पीटा गया। घरों का सामान तोड़ फोड़ कर ले गए। साथ ही उनके मवेशी बकरे-बकरी 16 नग को भी लूट लिया गया। कपास बेचकर 50 हज़ार रुपये नगद रखे थे वो भी लूट कर ले गए, तीनों परिवारों के सभी लोगों को बंदी बना लिया गया।

सभी को खूब मारा पीटा, भूखा प्यासा रखा, और जान से मारने की कोशिशें की गई। लड़की वापस लाने की शर्त रखी और लाखों रुपए मांगे गए, कहा गया कि इस गांव में कदम भी रखा तो जान से मार देंगे।पीड़ति परिवार जैसे तैसे वहां से भागे और अपनी जान बचाई। अत्याचारयों ने पीड़ति परिवार को अपने घरों से, गांव से खेती की ज़मीनों से वंचित कर दिया। आजीविका का एकमात्र साधन कृषि भूमी ही था, कृषि भूमी पर लहलहाती फसलें खड़ी थी उसे भी लूट लिया गया। सभी के घरों को खंडर बना दिया गया। भरण पोषण की कृषि भूमियों को तहस नहस कर पूरी तरह उजाड़ दिया गया था। तभी से पीड़ति परिवारजन अन्यत्र भिन्न भिन्न जगहों पर छिप छिपाकर अत्यंत गरीबी में मजदूरी करके घोर कष्टप्रद दिन गुज़ार रहे थे। अपने घरों, अपने गांव, अपनी ज़मीनों पर जाने की आस में प्रत्येक दिन तरसते रहते थे। पीड़ति परिवारों ने पुलिस व जिला प्रशासन सहित सभी जगह गुहार लगाई, कहीं पर भी सुनवाई नहीं होने के बाद सुरमल, शिवनारायण, सेंदु आदि की ओर से हाईकोर्ट एडवोकेट मो. अरशद घोसी ने मध्यप्रदेश हाइकोर्ट खंडपीठ इंदौर में के याचिका प्रस्तूत की जिसमें मौलिक अधिकारों के हनन का मामला होने से उच्चन्यायालय द्वारा उक्त मामले में दिए गए अहम आदेश में याचिकाकर्ताओं को राहत प्रदान की गई। उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए, थाना प्रभारी उदयनगर अनिता सिंह एवं एस. आई. राजेश गोयल और थाने के पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में तत्परता से कार्यवाही करते हुए पीड़ति दिवाली से चार दिन पहले अपने गांव पहुंचे। पीड़ितगण अपने घर , ज़मीन को शांतिपूर्वक पाकर बेहद खुश हुए और दिवाली की दोगुने उत्साह के साथ दीपावाली मनाई। याचिकाकर्ता सुरमल ने कहा- हम सब जगह आस छोड़ चुके थे पर हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा था। अदालत के निर्णय से हमें न्याय और सुरक्षा दोनों मिले (घर ज़मीन गांव भी) स्थानीय नागरिकों ने भी न्यायालय के इस निर्णय और पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई का स्वागत किया है। याचिकाकर्ता के वकील हाईकोर्ट एडवोकेट मो. अरशद घोसी ने कहा - मौलिक अधिकारों के हनन का मामला होने से माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उक्त मामले में आदेश पारित किया गया, इससे प्रतीत होता है कि देश में कानून का शासन विद्यमान है।



# मंदिर में साधु-संतों के साथ हुए अभद्र व्यवहार को लेकर पुजारी हुए एकजुट

### नाथ सम्प्रदाय ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

माता चामुंडा टेकरी के पुजारियों ने महाकाल मंदिर में साधु के साथ अभद्रता का विरोध जताते हुए अभिमन्यु पुजारी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा है। नाथ संप्रदाय ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर महाकाल मंदिर के पुजारी पर कार्रवाई करने की मांग की। नाथ संप्रदाय पुजारी परिवार टेकरी ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि उज्जैन के महाकाल मंदिर के गर्भगृह में ऋणमुक्तेश्वर के महंत योगी पीर महावीर नाथ और गोरखपुर से आए साधु-संतों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। आरोप है कि मंदिर के पुजारी महेश ने उनके साथ गाली-गलौज की और उन्हें गर्भगृह से धक्का देकर बाहर निकाल दिया। इसी को लेकर महाकाल मंदिर के पुजारी पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। नाथ संप्रदाय ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कठोर और उचित कार्रवाई की अपील भी की है।उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार सुबह गर्भगृह में संत और मंदिर के पुजारी भिड़ गए। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों में गाली गलौज, धक्का-मुक्की और हाथापाई तक हो गई। एक-दूसरे को देख लेने तक की धमकी दी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मंदिर प्रशासक को शिकायत दी है। इस दौरान नितेश सेन, अशोक पुजारी, सुरेश पुजारी, राजेंद्र पुजारी, विनय पुजारी, रोहित पुजारी, महाकाल पुजारी, विशाल पुजारी, संदीप पुजारी, संतोष पुजारी, प्रशांत पुजारी, आनंद पुजारी, जितेंद्र नाथ, काली चरण नाथ, तपन नाथ, दक्ष योगी, जीवन नाथ, हेमंत पुजारी, कृष्णा पुजारी, कालू नाथ, शुभम यादव, अजय मेहरा , विशाल मेहरा, भीम गोठवाल, पीयूष पुजारी समस्त नाथ सहित संप्रदाय पुजारी परिवार बडी संख्या में उपस्थित थे।

### भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर मनाया भाईदूज पर्व

**देवास।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य भारत देवास इकाई के जिला अध्यक्ष राम श्रीवास्तव ने बताया कि 23 अक्टूबर को चित्रगुप्त मंदिर गीता भवन में पूजा अर्चना कर यम द्वितीया पर्व पर भाई दूज की पूजा अर्चना कर उत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महाआरती की कर छप्पन भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में चित्रगुप्त वाटिका निर्माण हेतु विस्तृत जानकारी बबलू श्रीवास्तव, विशाल सक्सेना ने देते हुए बताया कि वाटिका में कलम दवाद की प्रतिकृति, लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा एवं भविष्य में चित्रगुप्त भगवान के मंदिर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। उपस्थित समस्त चित्रांश बंधुओ ने चित्रगुप्त वाटिका के निर्माण पर हर्षो उल्लास से सहमति व्यक्त कर हर संभव सहयोग प्रदान करने की स्वीकृति दी। कार्यक्रम के दौरान कायस्थ समाज की मासिक बी सी भी खोली गई।

# गोशाला में किया गो माता का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली




ग्राम पंचायत चारिया गोशाला में गोवर्धन पूजा के अवसर पर पंचायत व्दारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर गोमाता का पूजन किया गया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर गौसेवकों को सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने गौशाला परिसर में गोवर्धन पर्व मनाया। गोवर्धन भगवान व गायों का विधिविधान से पूजन किया। इस दौरान दिनेश कंठाली, सरपंच संगीता सागर चौहान, पुर्व जनपद अध्यक्ष निर्मला हुकम कंठाली,पशु-चिकित्सक भारती शर्मा, हुकम कंठाली, ज्योति धनावत, रामसिंग ओसारी, मांगीलाल गुप्ता,हीरालाल, आशीष पाटीदार, सागर चौहान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत चारिया द्वारा किया गया।

# श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास





दीपावली के अवसर पर मोती बंगला शिवाजी नगर स्थित श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान का भाईदूज पर समापन हुआ। श्री योगमाया पारमार्थिक न्यास समिति द्वारा आयोजित इस अनूठे आयोजन में आकर्षण का केंद्र 1 करोड़ से अधिक की राशि से मंदिर की सजावट रही, जिसे देखने के लिए शहर व आसपास के जिलों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। इस अनुष्ठान के अंतर्गत श्री योगमाया महालक्ष्मी जी का 21 हजार कमल के पुष्प व ढाई क्विंटल कुमकुम से अर्चन किया गया। साथ ही पड़वा के दिन मंदिर परिसर में 56 भोग व अन्नकूट का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान मंदिर परिसर में पहुंची महिलाओं को महालक्ष्मी का अर्पित किया गया सौभाग्यवती कुमकुम वितरित किया, जिसे पाकर महिलाएं प्रसन्न नजर आई। श्री योगमाया पारमार्थिक न्यास समिति विमल शर्मा ने बताया कि इस अनूठे व एतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों सहित शहर के श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। शर्मा ने बताया कि मंदिर की सजावट के लिए भक्तों द्वारा 1 करोड़ 38 लाख की राशि प्राप्त हुई थी, जो करीब 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने दी थी। भाईदूज के उपरांत अब इन श्रद्धालुओं को उनके द्वारा दी गई राशि का वितरण कुबेर पोटली देकर किया जाएगा। यह कुबेर पोटली पूरे अनुष्ठान के दौरान मंत्रोच्चार से सिद्ध की गई है। श्री योगमाया पारमार्थिक न्यास समिति ने आयोजन में सहयोग करने वाले श्रद्धालुओं, पुलिस प्रशासन, नगर निगम, मीडिया साथियों, सोशल मीडिया आदि का आभार व्यक्त किया है।

# दीपावली पर्व के बाद देवास कृषि उपज मंडी में शुभ मुहूर्त के सौदे, सोयाबीन बिका 5561 रुपए क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



जिला कृषि उपज मंडी में दीपावली के बाद शुक्रवार को शुभ मुहूर्त के सौदे हुए। इस दौरान पीला सोना यानी सोयाबीन 5561 रुपए प्रति क्विंटल बिका। व्यापारियों ने किसानों से गेहूं और चने की भी खरीदी की। मुहूर्त सौदों से पहले मंडी प्रांगण में मां अन्नपूर्णा की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद ढोल-धमाकों और आतिशबाजी के साथ सौदों की शुरुआत हुई।किसान तेजूसिंह भाट निवासी खजूरियाजागीर की सोयाबीन उपज की बोली लगाई गई, जिसे हीरा इंटरनेशनल लिमिटेड फर्म के शरद अग्रवाल ने सर्वाधिक बोली लगाकर खरीदा। इस अवसर पर किसान का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।गेहूं की पहली बोली हीरा इंटरनेशनल फर्म द्वारा 3201 रुपए प्रति क्विंटल पर लगाई गई। वहीं, चना 7011 रुपए प्रति क्विंटल के मुहूर्त भाव पर कुमावत ट्रेडर्स ने खरीदा। मंडी व्यापारी संजय शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष दीपावली के बाद मुहूर्त के सौदे होते हैं, जिनमें किसानों को आम दिनों की तुलना में अपनी उपज का अधिक दाम मिलता है।किसानों को शुक्रवार से सरकार की भावांतर योजना का लाभ मिलना शुरू होगा। इस योजना के तहत सोयाबीन बेचने वाले किसानों को अपने साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक और पंजीयन की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य होगा। सभी दस्तावेज जमा होने के बाद ही उपज भावांतर योजना में मानी जाएगी।व्यापारियों द्वारा किसानों को राशि का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से उनके खाते में किया जाएगा, जबकि सरकार की तरफ से राशि 15 दिनों में दी जाएगी।

# श्री खाटू श्याम मंदिर पर महायज्ञ 29 से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा




नेवरी फाटा स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। श्री खाटू श्याम सेवा समिति ने बताया कि वर्ष 2023 में पांच दिवसीय यज्ञ पर देव उठनी ग्यारस के दिन प्राण प्रतिष्ठा कर नेवरी फाटा पर बाबा खाटू श्याम की स्थापना की गई थी।

देवउठनी ग्यारस पर बाबा का जन्मोत्सव मनाया जाता है। वहीं इस वर्ष समिति द्वारा जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया जाएगा। वही पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रेरणा स्त्रोत संत मनोहर दास त्यागी, यज्ञ आचार्य पंडित विजेंद्र द्विवेदी, पंडित विशाल द्विवेदी मंत्र उच्चारण कर यज्ञ पूर्ण करवाएंगे। यज्ञ का श्री गणेश पूजन मंडप प्रवेश 29 अक्टूबर बुधवार से होगा। पूर्णाहुति, महाआरती एवं भंडारा 2 नवंबर को होगा। श्री बाबा खाटू श्याम सेवा समिति ने इस बार फिर मेले का आयोजन भी रखा है। मेले में जो भी दुकानदार दुकान लगाएगा उसे आयोजित समिति द्वारा पेयजल, लाइट एवं भोजन की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

### शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

# तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में शहर में अशांति फैलाने वाले बदमाशों पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एएसपी जयवीरसिंह भदौरिया एवं सीएसपी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने रात में आपसी विवाद कर क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग की थी।22-23 अक्टूबर की दरमियान रात्रि में सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग शांतिनगर चौराहा पर आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे हैं तथा मरने-मारने की धमकी देकर हंगामा कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण पाया।पुलिस ने मौके से भूपेन्द्र पिता दिनेश पंवार उम्र 24 वर्ष, अयान पिता फिरोज मंसुरी उम्र 21 वर्ष और गोलू पिता यूनुस शाह उम्र 33 वर्ष सभी निवासी शांतिनगर, देवास को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय देवास में पेश किया गया।

देवास पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। एसपी गेहलोद ने बताया कि शहर की शांति और सुरक्षा में व्यवधान उत्पन्न करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया, प्रआर अजय बैस, जितेन्द्र चौधरी एवं आर अमित श्रीवास की सराहनीय भूमिका रही।

# गोवर्धन पूजा के बाद किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



श्री कृष्णपाल गोपाल गौशाला कबाडी धाम सुतार खेड़ा में गाय गोवर्धन पूजा एवं महाआरती का आयोजन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रखा गया जिसमें गौशाला संचालक ईश्वर सिंह, भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री विजय सिंह पंवार, तहसील महामंत्री जीवन सिंह पंवार ,मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद में सम्मिलित नारायण बापू लोक शिक्षा समिति रालामंडल संचालक दिलीप सिंह पंवार, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सुतार खेडा के अध्यक्ष घनश्याम सिंह पंवार, सचिव दुले सिंह पंवार, संस्था श्री जय कृपानिधि विजयपुर के संस्थापक जितेंद्र सिंह गोहिल, ग्राम पंचायत मंत्री रामेश्वर चौहान, वरिष्ठ ग्रामीण जन भरतसिंह, पोप सिंह पंवार, सौदान सिंह पंवार, सौदान पवार, राकेश राठौड, धर्मेंद्र सिंह, श्याम सिंह, सुनील मालवीय, राहुल सिंह, विजेंद्र सिंह, कुंदन सिंह, लक्ष्मण सिंह गोवर्धन पूजा एवं महा आरती में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में गाय माता की पूजा कर पुष्प माला पहनाई और प्रसादी खिलाई। इसके पश्चात जिला महामंत्री विजय सिंह ने गोवर्धन पूजा एवं भारतीय संस्कृति पर उद्बोधन दिया। इस दौरान वरिष्ठ ग्रामीण जनों का गौशाला की ओर से सम्मान किया। गौ गंगा गीता की जय हो के नारे लगाकर कार्यक्रम का समापन किया।

## खबर संक्षेप

### पुत्री को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना गिरार क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 20 अक्टूबर को अपराह्न करीब 4 बजे से उसकी 14 वर्षीय पुत्री को ग्राम पिपरिया निवासी साहिल अहिरवार पुत्र श्यामलाल अपने सहयोगी ग्राम बड़वार निवासी देवेन्द्र अहिरवार पुत्र धनुवा के साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उसने पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। महिला ने पुलिस से मामले की जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पति पर लगाया मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** मोहल्ला गोविन्द नगर निवासी विमलेश सेन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पति आये दिन शराब पीकर उसे गालियां देते हुये मारपीट करता है। 22 अक्टूबर को उसका पति शराब पीकर आया और खाना मांगते हुये गालियां देने लगा। मना करने पर उसने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसका पति आये दिन अपने दोस्त वसीम व इमरान के साथ आता है और दोस्तों के जाने के बाद उसके साथ मारपीट करता है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बृजेश सेन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### महरौनी पुलिस ने दो वारंटी पकड़े

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ महरौनी आशीष कुमार मिश्र के पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में महरौनी पुलिस ने ग्राम सुकाड़ी निवासी तूफान राजा पुत्र गिन्नी राजा को हिरासत में लिया है। वारण्टियों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक निर्भयचन्द्र, उ.नि. गुलाम फरीद, उ.नि.निखिल मलिक, हे.का. विपिन अवस्थी, का. सचिन सैलानी, हो.गा. देवेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### पत्रकार को पितृशोक श्रद्धांजलि अर्पित की

**ललितपुर।** जर्नलिस्ट एसोशिएशन ऑफ इंडिया की एक आवश्यक बैठक तालाबपुरा स्थित कार्यालय पर आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता पत्रकार अरविन्द कुमार संज्ञा ने की। बैठक में झांसी के वरिष्ठ पत्रकार सुधीर त्रिपाठी के पिता के गोलोक गमन पर शोक व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उपस्थितजनों ने दो मिनिट का मौन धारण कर ईश्वर से कामनाएं कीं। बैठक में पत्रकार प्रमोद गोस्वामी, अमित लखेरा, मनीष पाठक, आशीष तिवारी, पंकज रैकवार, सूरज सिंह राजपूत, अमित राठौर, अवनीश पुरोहित, सुरेश कौंते, विनोद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### युवक ने सल्फास खाकर की आत्महत्या

**विदिशा।** हैदरगढ़ में 27 वर्षीय मनीष यादव ने बुधवार शाम सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार जब मनीष की हालत बिगड़ने लगी तो उसने बताया कि उसने यह जहरीला पदार्थ खा लिया है। मृतक के भाई अनिल यादव ने बताया कि इससे पहले भी तीन लोगों की मौत इसी तरह के जहर से हो चुकी है। अनिल यादव ने प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक मनीष आर्थिक परेशानी से गुजर रहा था। जमीन में घाटा होने के कारण उसने यह कदम उठाया।

### युवक ने कर ली आत्महत्या

**विदिशा।** राजा भैया कॉलोनी में भाईदूज के दिन एक 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव की पहचान अभिषेक अहिरवार (24) के रूप में हुई, जो पुट्टी करने का काम करता था। उसके पिता श्याम सिंह अहिरवार ने इस संबंध में बताया।

---

124 साल पुरानी ऐतिहासिक धरोहर रातों-रात जमींदोज

# बिरधा में स्थित पुराना अंग्रेजी बंगला इतिहास के पन्नों से कर दिया गायब





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले के ब्लॉक बिरधा अंतर्गत ग्राम बिस्था में 1901 में निर्मित ब्रिटिशकालीन बिरधा इन्सपेक्शन हाउस को बिना किसी अनुमति के ध्वस्त कर दिए जाने से पूरे दिन क्षेत्र में गहरा रोष फैल गया है। इंडो-गॉथिक स्थापत्य शैली में निर्मित यह लाल बलुआ पत्थर और श्वेत पत्थर की इमारत आजादी से पहले ब्रिटिश अधिकारियों व पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों के विश्राम स्थल के रूप में जानी जाती थी। ग्रामीणों के मतानुसार, यहां अदालतें भी लगती रही होगी। स्थानीय बुजुर्गों के मुताबिक अंग्रेजी बंगला के नाम से प्रसिद्ध यह इमारत सिर्फ एक ढांचा नहीं थी, बल्कि गांव की पहचान और पीढिय़ों की यादों का प्रतीक थी। प्रकरण के तूल पकडऩे पर जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को दिये। आदेश मिलते ही एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने बिरधा स्थित मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरू की और स्थानीय लोगों के बयान दर्ज कराये। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस 124 वर्ष पुरानी धरोहर को रातों-रात जमींदोज कर दिया गया, जबकि नियमानुसार किसी भी ऐतिहासिक इमारत को गिराने से पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई.), राज्य विरासत संरक्षण समिति और पीडब्ल्यूडी विभाग से अनुमति आवश्यक होती है। इतना ही नहीं, ध्वस्तीकरण से 15 दिन पूर्व सार्वजनिक अखबारों में सूचना देकर जनता से आपत्तियां आमंत्रित करना भी कानूनी दायित्व है, जिसकी यहां पूरी तरह अनदेखी की गई।

### इतिहास के साथ अपराध हुआ है

इस घटना पर समाजसेवी मोहिनी रजक ने कहा कि बिस्था का यह इन्सपेक्शन हाउस केवल एक इमारत नहीं, हमारी विरासत की आत्मा था। इसे बिना अनुमति तोडऩा इतिहास के साथ अपराध है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में कोई हमारी धरोहरों से खिलवाड़ करने की हिम्मत न करे। प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्व अधिनियम, 1958 के अंतर्गत 100 वर्ष से अधिक पुरानी इमारतों को ऐतिहासिक स्मारक के रूप में संरक्षण प्राप्त होता है। इस अधिनियम में ऐसे स्मारकों को नुकसान पहुंचाने या नष्ट करने पर कठोर दंड का प्रावधान है।

**हमारी पहचान मिटा दी गई:** ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी ललितपुर को ज्ञापन देकर इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी व खुली जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों/व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यह केवल एक इमारत नहीं, बल्कि बिस्था की ऐतिहासिक पहचान थी जिसे एक रात में इतिहास से मिटा दिया गया।

### जिला पंचायत की भूमिका पर उठता सवाल

ऐतिहासिक धरोहरों और ग्राम स्तरीय सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण में जिला पंचायत विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाली पुरानी संरचनाओं, विश्राम गृहों, तालाबों, भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों की देखरेख, सूचीकरण और संरक्षण की जिम्मेदारी पंचायत विभाग के माध्यम से तय होती है। बिस्था ग्राम में स्थित 124 वर्ष पुराना बिरधा इन्सपेक्शन हाउस भी पंचायत क्षेत्र की संपत्ति के रूप में दर्ज था, इसलिए इसके किसी भी प्रकार के विध्वंस, मरम्मत या हस्तांतरण से पूर्व जिला पंचायत विभाग की अनुमति और तकनीकी रिपोर्ट आवश्यक थी। विभाग का यह दायित्व है कि वह ऐसी विरासत संपत्तियों की पहचान कर उन्हें ग्राम विरासत स्थल के रूप में चिन्हित करे और इनके संरक्षण हेतु राज्य सरकार तथा पुरातत्व विभाग के समन्वय से कार्ययोजना बनाए। इस मामले में विभाग की निष्क्रियता और निगरानी की कमी ने ऐतिहासिक धरोहर को मिटा देने का मार्ग प्रशस्त किया।

### विरासत के मलबा पर उठता सवाल

*बिरधा का यह इन्सपेक्शन हाउस अब मलबे में तब्दील हो चुका है, लेकिन इसके साथ उठे सवाल यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हमारी ऐतिहासिक धरोहरें तब तक सुरक्षित हैं, जब तक किसी की नजर उन पर नहीं पड़ती?*

### ज्ञापन पर इनके थे हस्ताक्षर

*डीएम को भेजे ज्ञापन पर पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की सदस्य मोहिनी के अलावा राजीव साहू बिरधा, लक्ष्मी, कपिल साहू, नीलू, अरविन्द कुशवाहा, धर्मेंद्र, गोपी, सतीश, मुन्नालाल, मनोहर, सहोदर, लालबहादुर, रामकिशन, दिनेश, आनन्द, गनेश, नन्दकिशोर, अरविन्द, महेश राजा, काशीराम, संतोष, मंगल सिंह, संजय, अमर सिंह, घासीराम कुशवाहा, कल्लू, जगभान, संतोष, लालचंद्र, राजेश कुशवाहा, छलौने के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।*

### एडीएम पहुंचे मौके पर शुरू हुई जांच

*जिला पंचायत द्वारा मनमाने तरीके से अंग्रेजी बंगला गिराये जाने के आरोपों के जोर पकड़ते ही जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश किये हैं। डीएम के आदेश पर एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बिरधा स्थित अंग्रेजी बंगला ध्वस्तीकरण वाले मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। मौके पर एडीएम ने स्थानीय लोगों के बयान भी दर्ज कराने की प्रक्रिया अपनायी। इधर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा कहा गया की धरोहर गांव के विकास मैं बाधक बन रही थी उसे हटाकर गौशाला और स्टेडियम का शीघ्र निर्माण कराया जाएगा जबकि आम जनता का कहना है हटाने की जगह उस धरोहर को पुनः सुरक्षित निर्माण को संभाल कर भी गोशाला और स्टेडियम के निर्माण में उपयोग में लिया जा सकता था जिससे निर्माण का काम हो जाता और शासन का धन और इमारत भी सुरक्षित रहती।*

---

घंटाघर पर भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

# डा.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को जमीन चिन्हित होने का दावा




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले के कई ग्रामीण अंचलों में डा.भीमराव अम्बेड्कर पार्क के नाम पर आरक्षित जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाकर पुर्ननिर्माण एवं मूर्ति स्थापना के साथ बुल्डोज़र के लिए प्रभावी कार्यवाही, दलितों पर अत्याचार बढऩे का आरोप लगाते हुये ऐसे उत्पीडऩात्मक कार्यवाहियों पर प्रभावी तरीके से रोक लगाये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक रामदास गौतम के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुये कार्यकर्ताओं ने डीएम को एक ज्ञापन भेजा है। उन्होंने बताया कि जिले के अनेकों गांव ऐसे हैं, जहां डा.भीमराव अम्बेड्कर के पार्कों की भूमि वर्षों से चिन्हित है, किन्तु अधिकांश स्थानों पर आज भी दबंगों द्वारा कब्जा जमा रखा है, ऐसे दबंगों को चिन्हित करते हुये जमीनों को कब्जा मुक्त कराया जाये। इसके अलावा उन्होंने सजातीय बंधुओं पर हो रहे अत्याचारों व उत्पीडऩ पर तत्काल कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी। इसके अलावा उन्होंने किसानों को खाद समय पर व निर्धारित दामों पर दिलाये जाने के अलावा अन्य समस्याओं के निस्तारण की भी मांग उठायी। ज्ञापन देने के पूर्व भीम आर्मी ने घण्टाघर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान रामदास गौतम, बाबूलाल, साहब सिंह, अंशुल, दौलत, अनंतराम सूर्यवंशी, भागीरथ चौधरी, संजीव कुमार, अमित, चाली राजा, जयराम गौतम, तेज सिंह, मंगल, अभिषेक, राजेश, अरून, अमित, रामभरत, अरविन्द, मोतीलाल गौतम, लालसिंह, दीपक गौतम, शिशुपाल गौतम, तिलक राज चौधरी, अजय कुमार, अरून वंशकार, राजीव गौतम, खलक सिंह, इन्दल, आकाश अहिरवार, अवतार सिंह, सत्यभान, जयपाल गौतम, पुष्पेन्द्र चौधरी, सचिन चौधरी, विशाल गौतम, अंकित अहिरवार, हरबाल, सोहन सिंह के अलावा अनेकों महिलायें और कई गांवों से आये लोग मौजूद रहे।

---

## हाईवे पर चार लोगों ने युवक को पीटा, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर स्थित आरएमवी कॉलेज के पास बनी कालोनी में रहने वाली सोनम यादव पत्नी जितेन्द्र सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 21 अक्टूबर को 6 बजे उसके भाई छोटू पुत्र लखन यादव से हाई-वे पर अमर पाल ने अपने चार अन्य लोगों में रोहन, रौनक, ऋषि पुत्रगण फेरन के साथ एकराय होकर मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद जब वह उलाहना देने उनके घर पहुंची तो उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट करते हुये उसके पिता लखन यादव की उंगली काट ली और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## उच्च कोटि की गणवेश पर सुमित व अभिनेश को मिली प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की।

डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवाभाव से कार्य करने हेतु प्रेरित कर त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन कर रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन किया गया तथा विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। एसपी ने परेड के निरीक्षण में हे.कां.सुमित वर्मा व कां.अभिनेश सिंह को उनके द्वारा उच्च कोटि की वर्दी धारण करने के लिए प्रशंसा कर उत्साहवर्धन हेतु नगद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

### पीआरवी कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार की परेड के दौरान पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर पीआरवी 5808 के रजिस्टर को चेक किया गया तो उसमे सभी प्रविष्टियां निर्धारित प्रारुप में स्पष्ट रुप से अंकित पायी गयी, जिसमें पीआरवी 5808 के अधिकारी व कर्मचारियों में उ.नि.भूपेन्द्र पाल सिंह, हे.कां.शत्रुन्ज्य प्रताप सिंह एवं चालक हे.कां. अरूण राय को उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरस्कार की धनराशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

---

युवक, युवतियों व अभ्यर्थियों के लिए रोजगार का अवसर

## ललितपुर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन 29 को

**ललितपुर ।** जनपद के समस्त युवक एवं युवतियों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, पनारी जनपद-ललितपुर में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन 29 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे किया जा रहा है। वृहद रोजगार मेले में 1 आर्कटिक इंडस्ट्रीज वाराणसी में एकाउन्टेन्ट कम्प्यूटर ऑपरेटर फुल ऑफिस एक्सक्यूटिव पद हेतु 175 रिक्तियां 2-हेडलाइन डिजीटल फ्यूचर कन्ट्रोल इण्डिया प्रालि में बीपीओ टेलीकॉलर ऑफिस असिस्टेंट पद हेतु 30 रिक्तियां 3-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 4 जेपीवीएमजीएमकेटी प्रालि में सुपरवाईजर, स्टोरकीपर, डाटा एन्ट्री पद हेतु 39 रिक्तियां 5-हंसवाहिनी एम्प्लाइमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में ऑफिस मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव पद हेतु 65 रिक्तियां 6-आरके इलैक्ट्रॉनिक्स में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 140 रिक्तियां 7-श्री गनेशा कंसल्टेंट एण्ड मैनपावर सर्विसेज में लॉन ऑफिसर पद हेतु 80 रिक्तियां 8-आरएसवी ज्वाइन इंडिया प्रालि में ऑटोमोबाइल सॉल्यूसन टेक्नी पद हेतु 500 रिक्तियां 9-ईडीयू वेन्टेज प्रालि में ट्रेनी ऑपरेटर पद हेतु 50 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियों भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमें शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं परास्नातक, आईटीआई पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियों रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है। किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमांड नहीं की जाती है।

## मंदिर जा रहे थे, बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना पाली अंतर्गत ग्राम निवउवा में रहने वाले धूप सिंह पुत्र निरपत सिंह ने तालबेहट पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 21 अक्टूबर की सुबह करीब 8 बजे मौनी परमा का त्योहार होने के कारण वह अपने पिता व गांव के वंशीलाल पुत्र घुम्मन, शिवचरन पुत्र बच्चूलाल, कल्लूराम पुत्र गोले, दीपक पुत्र दयाली, बारेलाल पुत्र गम्मे व अन्य लोगों के साथ तेरई फाटक के पास देवा माता मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। तभी असऊपुरा के पास पहुंचने पर उसके पिता हाईवे पटरी किनारे उतरकर पेशाब करने लगे, तभी शाम करीब 6 बजे तेज गति से ललितपुर की ओर से भागती आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.डी. 3394 के चालक ने उनके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता जमीन पर गिर गये। यह देखकर उन्होंने तत्काल एम्ब्युलेंस को फोन करके बुलाया।

एम्ब्युलेंस के जरिए घायल पिता को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से उसके पिता को उपचार के लिए ललितपुर जिला अस्पताल और फिर झांसी रेफर कर दिया गया, जहां पहुंचने से पहले ही उसके पिता ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक ग्राम ककड़ारी के धमकना निवासी राजकुमार पुत्र धनीराम कुशवाहा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

वीआई पी नंबर के लिए आवेदन आमंत्रित

## परिवहन विभाग ने वाहन की नंबर की नई सीरीज आवंटित

**ललितपुर ।** सहपरिवहन अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति द्वारा बताया कि इस कार्यालय में निजी वाहन के लिए आवंटित पंजीयन सीरीज 24 अक्टूबर को समाप्त की गईं है। राजस्व/जनहित के दृष्टिगत कार्यालय डी.बी.ए. को आदेशित किया जाता है कि निजी वाहनों के पंजीयन हेतु नई सीरीज कम्प्यूटर में प्रारम्भ किये जाने हेतु अपलोड करें, तथा शासन द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-9/2018/360/तीस-4-2018-8 (2)/2016, दिनांक 13.03. 2018 के कम में मुख्यालय के पत्र संख्या 59 (शा.) सा.प्र./ 2018-41 टीआर/72-18, दिनांक 16 मार्च, 2018 द्वारा नई सीरीज के आकर्षक पंजीयन चिन्हों को ई-ऑक्शन प्रणाली के माध्यम से आरक्षित कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के दृष्टिगत 24 अक्टूबर को नई पंजीयन सीरीज प्रारम्भ होगी। नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से बुकिंग हेतु वेबसाइट है। 25 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 28 अक्टूबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन। 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 1 नवंबर को सायं 6 बजे तक नीलामी प्रक्रिया। उक्त आकर्षक पंजीयन चिन्ह प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक अथवा आकर्षक पंजीयन चिन्ह ई-ऑक्शन प्रणाली के माध्यम से उपरोक्तानुसार आरक्षित कराना सुनिश्चित करें। डीबीए पंजीयन सीरीज के अवशेष आकर्षक पंजीयन चिन्हों को कम्प्यूटर में लॉक करना सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगें।

गौसे पाक के महीने के अंत में सदनशाह मस्जिद में हुई तकरीर

## इल्म का मकसद सिर्फ दुनिया कमाना ही नहीं है, बल्कि अल्लाह की पहचान हासिल करना :मुफ्ती नौशाद जमाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

हजरत बाबा सदनशाह मस्जिद में जुमा की नमाज के पहले इमाम मुफ्ती नौशाद जमाली ने बयान करते हुए हजरत सैय्यद अब्दुल कादिर जीलानी सरकार गौसे आजम की जीवन और शिक्षाओं पर रोशनी डालते हुए बताया कि हम गौसे पाक अब्दुल कादिर जीलानी के बताए और दिखलाए रास्ते पर चलकर दुनिया व आखिरत संवार सकते हैं।उन्होंने गौसे आजम को अल्लाह का महबूब बंदा व वलियों का सरदार बताया। मुफ्ती नौशाद जमाली ने अकीदतमंदों से हजरत सैय्यद अब्दुल कादिर जीलानी सरकार गौसे आजम की जीवन शैली और उनके कार्यों को पढऩे का आह्वान किया।



बताया कि आपके साथ कई करमात (चमत्कार) जुड़े हुए हैं, जो आपके रुहानी मुकाम और अल्लाह के करीब होने का सबूत माने जाते हैं। ये करामात लोगों की मुश्किलों को हल करने और उन्हें सही रास्ते पर लाने के लिए प्रकट हुए।

### तालीम की बुनियाद

गोसे पाक फरमाते हैं कि इल्म वो दौलत है जो इंसान को दुनियावी और दीनी दोनों मायने में कामयाबी दिलाता है। लेकिन इल्म का मकसद सिर्फ दुनिया कमाना नहीं बल्कि अल्लाह की पहचान हासिल करना और इंसानियत की खिदमत करना है इल्म वही है जो दिल को रोशन करें और इंसान को समाज का फायदा पहुंचाने वाला बनाए।

### नौजवान और तालीम

गौसे आजम रहमतुल्लाह आले ने नौजवानों को हमेशा इल्म हासिल करने और अपने किरदार को मजबूत बनाने की नसीहत दी उन्होंने कहा नौजवान कौम का असल सहारा है अगर उनके हाथों में फिल्म और दिलों में तकबा होगा तो पूरा मुअशरा तरक्की करेगा आज के दौर में जब नई नस्ल मोबाइल इंटरनेट और नई तकनीक से जुड़ी हुई है गौसे आजम का पैगाम हमें यह सिखाता है कि टेक्नोलॉजी और इल्म का इस्तेमाल सही मकसद के लिए किया जाए तालीम सिर्फ दिमाग को तेज करने का नाम नहीं बल्कि दिल को पवित्र बनाने का भी नाम है।

बेहाल हुआ वेयरहाउस कार्पोरेशन ब्यावरा, जिला प्रबंधक पर नहीं कोई जानकारी

# बिना काम किए निकलती रही आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन

## 1 महीने बाद भी नहीं हो पाया कलेक्टर के जांच आदेश पर अमल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में अधिकतर विभागों के अधिकारियों को अब किसी भी तरह की जांच होने से कोई डर नहीं लगता है। क्योंकि कितनी बडी अनियमितता भी हो जाए पर अधिकारी पर कोई आंच नहीं आती है। कलेक्टर के जांच आदेश भी अब मात्र दिखावा ही लगती है क्योंकि जो जांच आदेश 23 सितंबर को जारी किया गया हो और उसकी जांच एक महिना निकल जाने के बाद भी पूरी न हो पाने पर भी जिम्मेदार अधिकारी पर कोई कार्रवाई न हो तो फिर आदेश की उपयोगिता पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाते है।

उल्लेखनीय है कि ब्यावरा वेयरहाउस कार्पोरेशन में आउटसोर्स कर्मचारीयों पर अपने रिश्तेदारों को रखकर बिना कार्य किए वेतन निकाले जाने की जांच के आदेश 23 सितंबर 25 को कलेक्टर कार्यालय से जिला प्रबंधक वेयरहाउस को किए गए थे परंतु आज 1 महिना पूरा हो जाने के बाद भी जांच का कोई अता पता नहीं है। इससे विभागों के अधिकारियों की कार्यशैली और जिम्मेदारियों को समझा जा सकता है।

### ऑपरेटर शिवमान की मनमानी से हुई अनियमितता

ब्यावरा वेयरहाउस में कंप्यूटर ऑपरेटर पर काम करने वाला शिवमान इस तरह के फर्जी काम करते करते इतना शक्तिशाली हो गया है कि उसे किसी का डर नही है। आउससोर्स में कर्मचारियों की संख्या छुपाई जाती है कभी जानकारी न देने वाला शिवमान अब कलेक्टर की जांच के रडार पर आ गया है। कई सालों तक अपने रिश्तेदारों को ड्यूटी पर दिखाकर उनका वेतन निलालने के आरोप इस पर लगे है जो जल्दी ही सामने आ जाएंगे। यदि जांच हुई और उसमें बिना कार्य के वेतन देना पाया गया तो प्रशासन किए गए वित्तीय अनियमितता पर रिकवरी करवा सकता है।

### जिला प्रबंधक पर नहीं है आउटसोर्स कर्मचारियों की स्पष्ट जानकारी

वेयरहाउस जिला प्रबंधक भगवान दास सगर से बात की गई तो उन्होने आउटसोर्स कर्मचारियों की सूची न होने की बात कही जिला अधिकारी की इस बिडम्बना से ब्यावरा व जिले के वेयरहाउस का हाल समझा जा सकता है फिर जांच कैसी होगी इसका भी अंदाजा भी लगाया जा सकता है।

**जांच पूरी नहीं हुई**

*अभी जांच पूरी नहीं हो पाई है इसमें हमें अभी एक सप्ताह और लगेगा।*

**भगवान दास सगर,**
*जिला प्रबंधक वेयरहाउस राजगढ़*

# गोवर्धन पर्वत को उंगली पर धारण किए दर्शाती बनाई रंगोली

## परंपराओं को जीवंत रखने में जुटी हैं बालिकाएं व युवतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में दीपोत्सव सहित अन्य सभी पर्व उल्लास एवं उमंग के साथ मनाए जा रहे हैं। खुशियों के इन पर्वों पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक परम्पराओं को जीवंत रखने क्षेत्र की बालिकाओं एवं युवतियों द्वारा घर-घर आकर्षक रंगोलियों भी बनाई जा रही हैं।



इसी कड़ी में नगर के भंडारा गली निवासी सलोनी पुत्री हरिनारायण सोनी द्वारा अलग-अलग विषयों एवं धार्मिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक रंगोलियां अपने घर सहित सार्वजनिक स्थानों पर बनाई जा रही हैं। पांच दिवसीय दीपोत्सव के तहत गोवर्धन पूजन को लेकर सलोनी ने भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपने कनिष्ठा उंगली पर धारण करते हुए दर्शाती रंगोली निर्मित की जिसकी आमजनों द्वारा काफी सराहना की जा रही है। सलोनी ने बताया कि इस रंगोली को बनाने में उन्हें लगभग 3 घंटे लगे हैं और काफी संख्या में लोगों ने रंगोली को आकर देखा और उनका उत्साहवर्धन किया। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में भगवान राम मंदिर की प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन अवसर पर सलोनी द्वारा छत पर बनाई गई विशेष रंगोली की भी काफी सराहना हुई थी।



## भाई दूज का पर्व मनाया गया

**जीरापुर।** कार्तिक मास अमावस्या के दो दिन बाद भाई दूज का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों का तिलक कर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर स्नेह प्रकट किया। दिनभर घरों में उत्सव का माहौल बना रहा तथा मिठाइयों का वितरण कर पर्व की खुशियां साझा की गईं।

# सोयाबीन की पांच हजार की बोली लगने पर किसान को बांधा गया साफा

## पांच दिवसीय अवकाश उपरांत दूज को मंडी में मुहूर्त सादा गया




**जीरापुर।** दीपावली पर्व को लेकर कृषि उपज मंडी में पांच दिवसीय अवकाश उपरांत दूज को मण्ड़ी में मुहुर्त सादा गया। जहां पर व्यापारियों द्वारा नीलामी बोली लगाई गई जिसमें सोयाबीन सर्वाधिक रेट 5001- रूपये में बिकी। इस अवसर पर प्रथम बोली सोयाबीन का मुहूर्त में पूजन कर कृषक ओंकारलाल निवासी बटावदा को साफा माला पहनाकर स्वागत किया गया। भाव 5001 में मेसर्स बंसल ट्रेडर्स के यहां बिकी जिसमें सचिव हरिप्रसाद वर्मा, कर्मचारी कपिल शर्मा, गोपाल बैरागी, रमेश मालवीय, दिनेश राठौर, गिरिराज गुप्ता, व्यापारी गोविंदा ट्रेडिंग द्वारका जमींदार, दामोदर टांक, अजय बैरिस्टर सहित व्यापारी एवं किसान उपस्थित रहे।

### मंडी प्रांगण में खरीदी-बिक्री का कार्य आरंभ हुआ

जिले की प्रसिद्ध मंडीयों में जीरापुर कृषि उपज मंडी का नाम आता है लेकिन कृषकों को तमाम सुविधा मिलना आसान नजर नहीं आ रहा है अक्सर देखने में आता है कि किसानों के लिए निर्मित टीन शैड व्यापारियों द्वारा अपने माल स्टाक के रूप में उपयोग किया जा रहा है, इसको लेकर समाचार पत्र के माध्यम से पूर्व में भी सचिव कृषि उपज मंडी एवं उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कागजी कार्यवाही कर मात्र औपचारिकता पुरी की जाती है, जिससे कृषकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है कृषि उपज मंडी जीरापुर में प्रतिदिन लगभग 1000 से 1500 बोरी सोयाबीन की आवक बनी हुई है।

# काव्य गोष्ठी व दीपावली मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

मध्य प्रदेश लेखक संघ के तत्वावधान में कर्मचारी कॉलोनी कालापीपल में काव्य गोष्ठी एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार भगवत सिंह वर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता साहित्यकार महेंद्र सिंह तोमर ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात हिंदी लेखक संघ के डॉ. हुकुम सिंह देशप्रेमी ने मालवी बोली में मां शारदे की वंदना प्रस्तुत कर समां बाँधा। उन्होंने राम को भज ले बंदे तू समंदर लाँघ जाएगा, राम की निर्मल भक्ति के बल पर राम का प्यार पाएगा जैसी रचना से उपस्थित श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी।

कवि हरीश पाटीदार ने इन सब पर कविता लिख डाली, अब तुम पर कविता लिख देंगे सुनाकर सभी का मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि भगवत सिंह वर्मा ने मैथिलीशरण गुप्त के पंचवटी महाकाव्य के प्रेरक प्रसंग के माध्यम से साहित्य और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में महेंद्र सिंह तोमर ने कहा वह कोई गूढ़ ग्रंथ सी, जिसकी हर पंक्ति श्लोक है, गूंज है



उसे पढ़ना कोई साधना हो ऋषियों-सा। गोष्ठी का संचालन डॉ. हरीश पथिक ने किया। उन्होंने अपने काव्य पाठ में कहा शहर की कचकच छोड़कर हम तो गांव नगरिया जाएंगे, जो श्रोताओं के मन को भा गया। इस अवसर पर केदार सिंह परमार, सनी गुरु दत्ता, राहुल परमार, पंकज कुशवाह, दीपेश पटेल, राकेश सेन, सुमित परमार, पल्लव परमार, उत्कर्ष परमार सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

कांगेस के अलग-अलग पदाधिकारियों को सौंपे दायित्व

# कांग्रेस ने सभी 14 निकायों में नियुक्त किए अपने प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कांग्रेस ने अभी से निकाय चुनावों की तैयारी करते हुए जिले के सभी 14 निकायों में अपने प्रभारी नियुक्त किए हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार के नगर परिषद खिलचीपुर का प्रभार अशोक वर्मा, जीरापुर नप का प्रभार समीर खान उर्फ भूरू भाई, माचलपुर नप का प्रभार गोपाल यादव, छापीहेड़ा नप का प्रभार घनश्याम वर्मा, नगर पालिका ब्यावरा का प्रभार राधेश्याम सोमतिया, सुठालिया नप का प्रभार कुशाल कुशवाह, नगर पालिका नरसिंहगढ़ का प्रभार सुरेंद्र मेवाड़े, नगर पालिका सारंगपुर का प्रभार मंजूलता शिवहरे, राजगढ़ नगर पालिका का प्रभार पंकज यादव, खुजनेर नप का प्रभार नीलू दुबे, बोड़ा नप का प्रभार संतोष सोनी, पचोर नप का प्रभार ज्ञानू विजयवर्गीय, कुरावर नप का प्रभार राकेश जायसवाल एवं तलेन नगर परिषद का प्रभार हीरेंद्र सिंह(टोड़ी) को सौंपा गया है।

### नियुक्त प्रभारी रोडमैप करेंगे तैयार

कांग्रेस द्वारा जिले की सभी 14 नगर परिषदों एवं नगर पालिकाओं में नियुक्त किए गए प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों से चर्चा कर अपने-अपने प्रभार वाले निकायों हेतु रोडमैप तैयार करेंगे।

# धूमधाम से मनाया गया पड़वा उत्सव, भैंसों की हुई पूजा



**छापीहेड़।** गांव में पड़वा प्रतिपदा के अवसर पर पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ भैंस पूजन का आयोजन किया गया। गांव के लोगों ने अपनी-अपनी भैंसों को सजा-धजा कर पूजा अर्चना की।


पूजन से पहले पशुओं को नहलाकर पांडू और चंद्रस का लेप कर पारंपरिक चिन्ह बनाएं वहीं सींगों पर रंग-बिरंगे रंगों से आकर्षक डिजाइन बनाए गए। भैंसों को श्रृंगारित करने के लिए ग्रामीणों ने पारंपरिक मछवंडी, धुंगरू लगी मालाएं, गले में कांडा-घुंघरू और मुंह पर मोरकी जालीदार पट्टी पहनाई। सजावट के बाद लोगों ने अपनी-अपनी भैंसों की पूजा की इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीत गाकर उत्सव का माहौल और भी उल्लासमय बना दिया। वहीं युवाओं ने आतिशबाजी कर त्योहार की रौनक बढ़ाई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और गांव में भाईचारे का संदेश दिया। गांव में हर वर्ष पड़वा पर इस तरह से भैंस पूजन की परंपरा निभाई जाती है, जो आज भी ग्रामीण संस्कृति और पशु प्रेम की जीवंत मिसाल पेश करती है।

मंडी बोर्ड मुख्यालय ने जारी किया दूरभाष नंबर

# भावान्तर योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए प्रारंभ हुआ कन्ट्रोल रूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाए जाने के उद्देश्य से भावांतर योजना-2025 अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी आज 24 अक्टूबर, 2025 से प्रारंभ होगी। उक्त योजना के अनुसार प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक कृषकों, संगठनों, व्यापारियों, मंडी बोर्ड समितियों के अधिकारियों की सुविधा के लिए मंडी बोर्ड भोपाल में राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है।



मंडी बोर्ड मुख्यालय भोपाल में स्थापित इस कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 0755-2556207 है जिस पर प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। कोई भी कृषक, व्यापारी भावान्तर योजना से संबंधित किसी भी सूचना के सम्बन्ध में कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकता है। कंट्रोल रूम प्रभारी अधिकारी के रूप में संयुक्त संचालक सुश्री संगीता ढ़ोके को नियुक्त किया गया है, जिनके निर्देशन में उक्त कंट्रोल रूम कार्य करेगा। अपर प्रबंध संचालक अनुराग सक्सेना द्वारा कृषकों, व्यापारियों, हम्माल-तुलावटियों व संबंधितों से अपील की है कि वे कोई भी समस्या होने पर उक्त नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन का संकल्प लेकर कार्य कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

खंड के ब्यावरा कला एवं दूंधाहेड़ी मंडल संचलन संपन्न हुआ जिसमें जिला संघ चालक प्रेम सिंह दांगी एवं प्रांत समरसता प्रमुख लक्ष्मी नारायण चैहान उपस्थित रहे चैहान ने कहा कि 1925 में संघ का बीजारोपण हुआ था जो आज विश्व के 39 देश में समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है जिस प्रकार भगवान राम ने त्रिलोक विजेता रावण का अंत करने के लिए वनवासी समाज गिरी कंदरा में रहने वाले समाज को एकत्रित कर समाज का जागरण कर उस आता ताई शक्ति का अंत किया है इसी प्रकार संघ भी हिंदू समाज का जागरण कर जो देश के अंदर बुराइयां हैं उसको खत्म करना चाहता है संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन का संकल्प लेकर कार्य कर रहा है सभी स्वयंसेवक पंच परिवर्तन का पालन करें एवं स्वयंसेवक का अनुसरण हिंदू समाज करता है उन्होंने कहा कि रोम मिश्र सब मिट गए जहां से लेकिन कुछ बात है कि हस्ती मिट ती नहीं हमारी क्योंकि भारत के अंदर परिवार प्रथा है सामूहिक परिवार से बच्चों एवं आने वाली पीढ़ी को संस्कार मिलते हैं सामूहिक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है जिसके कारण हमारी संस्कृति जीवित है हजारों वर्ष की गुलामी के बाद भी अगर भारत एवं भारत की संस्कृति जीवित है तो इसका मुख्य कारण है संयुक्त परिवार विदेश में ऐसी कोई संयुक्त परिवार व्यवस्था नहीं होता है।



पीड़ित परिवार सहित गागोरनी क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर-एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

# आरोपियों के अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाने की मांग

## घटना में एक गर्भवति महिला सहित 8 लोग हुए थे घायल, 4 गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

22 अक्टूबर की सुबह जीरापुर समीपस्थ ग्राम गागोरनी में दो पक्षों के बीच चले आ रहे रास्ते के पुराने विवाद ने बड़ा रूप ले लिया था। घटना में समुदाय विशेष के कुछ लोगों सहित महिलाओं ने लाठी, डंडों, पत्थरों सहित अन्य हथियारों से एक ही परिवार के लोगों पर अचानक हमला कर दिया जिसमें आठ लोग घायल हुए जिनमें गंभीर रूप से जख्मी 4 लोगों का ईलाज झालावाड़ अस्पताल में चल रहा है।

उक्त घटना से आक्रोषित गागोरनी क्षेत्र के अनेकों लोगों ने गुरुवार को मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों द्वारा गागोरनी में सरकार जमीन पर किए गए अवैध कब्जों और अतिक्रमण को बुलडोजर से ढहाने की मांग रखी। इसके साथ ही सभी आरोपियों पर हत्या के प्रयास की धारा 109 बढ़ाए जाने का उल्लेख भी ज्ञापन में किया गया है। उक्त मांग पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने जांच करवाने के उपरान्त उचित कार्यवाही किए जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया।

**पुलिस पर सामान्य धाराओं में एफआईआर करने का आरोप:** पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपे गए ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि जीरापुर पुलिस ने मामले में ठोस कार्यवाही नहीं की है। आरोपियों पर सामान्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है वहीं हत्या के प्रयास की धारा 109 एफआईआर में सम्मिलित नहीं की गई है। ऐसे में आरोपियों के हौंसले बुलंद हैं और वे कभी भी किसी भी अन्य अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं।



### तीन दिन में कार्रवाई नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम सुश्री निधि भारद्धाज को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि उनकी उक्त दोनों मांगों पर तीन दिनों में कार्यवाही नहीं की गई तो वे उग्र प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे।

### गांव में अभी भी तैनात है पुलिसबल

उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए गागोरनी गांव में अभी भी पुलिस बल तैनात है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। आपको बतादें कि घटना के बाद पीड़ति पक्ष के समर्थन में एक सैंकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने जीरापुर पहुंचकर सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर काफी समय तक प्रदर्शन किया था।

### मामले के सभी सातों आरोपियों को किया गिरफ्तार

जीरापुर थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि उक्त घटना को अंजाम देने वाले सभी सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि घायलों की मेडीकल रिपोर्टस व अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही हमने आरोपियों पर नियमानुसार धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। जहां, तक राजस्व भूमि पर अतिक्रमण या कब्जे की बात है तो उस पर प्रशासन के उच्चाधिकारियों द्वारा ही जांच उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।